12 साल बाद चंडीगढ़ पुलिस में होगी 49 एएसआइ की भर्ती, नोटिफिकेशन जारी

कुलदीप शुक्ला • चंडीगढ़

चंडीगढ़ पुलिस में भर्ती होने के इच्छुक युवाओं के लिए अच्छी खबर है। चंडीगढ़ पुलिस विभाग में 12 साल बाद 49 असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर की भर्ती होगी। पुलिस विभाग ने चंडीगढ़ में सेंट्रल सर्विस रूल्स लागू होने के बाद एएसआइ भर्ती से जुड़े नए नियमों का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। अगले दो से तीन महीने के भीतर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए जल्द ही विभाग की तरफ से विज्ञापन दिया जाएगा। सभी इच्छुक आवेदकों के पास किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय और संस्थान से 10 वीं, 12 वीं और स्नातक डिग्री और स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए। उम्मीदवार आधिकारिक अधिसूचना पर अधिक विवरण जल्द ही चंडीगढ़ पुलिस की अधिकारिक वेबसाइट पर भर्ती संबंधी जानकारी दे दी जाएगी। भर्ती में 33 फीसद सीटें लड़कियों के लिए रिजर्व की गई हैं।

- विभाग की तरफ से भर्ती को लेकर नए नियमों का नोटिफिकेशन जारी
- तीन महीने के भीतर शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

आयु सीमा

सामान्य कैटेगरी	18 से 25 वर्ष
ओबीसी	18 से 28 वर्ष
एससी	18 से 30 वर्ष
पुलिस कर्मी के बच्चों के लिए	18 से 27 वर्ष
दिवंगत पुलिसकर्मी के बच्चों के लिए	18 से 28 वर्ष
एक्स सर्विस मैन	40 वर्ष

चयन प्रक्रिया इस प्रकार रहेगी

- आवेदन शार्टलिस्ट
- लिखित परीक्षा
- शारीरिक परीक्षा
- मेडिकल परीक्षा
- मेरिट लिस्ट जारी होगी

आवेदन के लिए यह भी आवश्यक

- बेसिक कंप्यूटर
- ड्राइविंग लाइसेंस
- कुल अंक – 100
- टियर –1 आबेक्टिव
- टियर – 2 सब्जेक्टिव

शारीरिक दक्षता

पुरुष लंबाई	महिला लंबाई
5.7	5.2

दौड़

पुरुष : छह मिनट में 1600 मीटर

महिला : 2.30 मिटन में 500 मीटर

एक्स सर्विस मैन (35 उम्र के अधिक) – 10 मिनट में 1600 मीटर चलना

लंबी कूद

पुरुष	14 फीट
महिला	8 फीट

उंची कूद

पुरुष	चार फीट
महिला	तीन फीट

खत्म हुआ 12 साल का इंतजार, एएसआई बनने को हो जाएं तैयार

संवाद न्यूज एजेंसी

चंडीगढ़। पुलिस की नौकरी पाने की चाह रखने वाले युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। 12 साल बाद चंडीगढ़ पुलिस में एएसआई की भर्ती निकलने जा रही है। डीजीपी प्रवीर रंजन ने इसकी प्रक्रिया को हरी झंडी दे दी है। जल्द ही भर्ती शुरू हो जाएगी।

एएसआई की भर्ती के लिए पहले लिखित परीक्षा होगी और फिर शारीरिक परीक्षा। ड्राइविंग लाइसेंस और कंप्यूटर का अनुभव जरूरी है। डीजीपी प्रवीर रंजन के अनुसार, एएसआई की कुल 49 पदों के लिए भर्ती निकाली जाएगी। इसके लिए जल्द ही अधिसूचना जारी कर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। भर्ती में युवतियों को 33 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया जाएगा।

> एएसआई की भर्ती के लिए नियम तय कर दिए हैं। जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए जल्द ही अधिकसूचना जारी की जाएगी। – **प्रवीर रंजन, डीजीपी, चंडीगढ़**

एएसआई की भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता कम से कम स्नातक होनी चाहिए। 18 से 25 साल की उम्र के बीच के युवक और युवतियां आवेदन कर सकेंगे। ओबीसी के लिए तीन साल की छूट गई है जबकि एसी के लिए पांच साल की छूट दी गई है। पुलिस विभाग ने भर्ती के लिए आवेदन करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये का शुल्क रखा है। वहीं, ओबीसी/ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 200 रुपये जबकि एससी अभ्यर्थियों और एक्स सर्विसमैन के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं रखा गया है। गौरतलब है कि आखिरी बार चंडीगढ़ पुलिस विभाग ने वर्ष 2019 में भर्ती निकली थी।

शारीरिक परीक्षा के मापदंड

लड़कों के लिए पांच फुट 7 इंच की लंबाई और छाती 33 इंच होनी चाहिए। छह मिनट में एक मील की दौड़ पूरी करनी होगी। इसके अलावा 14 फुट लंबी कूद और चार फुट ऊंची कूद लगानी होगी। वहीं लड़कियों की लंबाई पांच फुट दो इंच होनी चाहिए। उन्हें दो मिनट 30 सेकंड में 500 मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी। इसके अलावा आठ फुट लंबी कूद और तीन फुट ऊंची कूद लगानी होगी। इसमें पहाड़ी क्षेत्र में रहने वालों आवेदनकर्ताओं को छूट दी गई है। वहीं एक्स सर्विसमैन को भी शारीरिक परीक्षा के लिए छूट दी गई है। वहीं पुलिस विभाग में नौकरी कर रहे पुलिसकर्मी भी आवेदन कर सकते हैं। उनके लिए 40 साल की उम्र रखी गई है। विभाग में ही नौकरी कर रहे एक्स सर्विसमैन की उम्र 45 साल रखी गई है।

2014 में निकली थी 520 सिपाहियों की भर्ती

दिसंबर 2014 में चंडीगढ़ पुलिस ने 520 सिपाहियों की भर्ती निकाली थी। इसमें करीब 2.4 लाख युवक और युवतियों ने आवेदन किया था। इनमें ज्यादातर आवेदक पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ के थे। इसमें कुल 36 हजार युवा पास हुए थे। इसके बाद लिखित परीक्षा हुई। 31 दिसंबर 2018 को परिणाम आया था। मार्च 2017 में चंडीगढ़ पुलिस विभाग ने शारीरिक परीक्षा लेनी शुरू की